तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 16 जुलाई 2025











## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th / 12th / स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कमर्चारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.

**काम्पटेक महाविद्यालय**
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रातः 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-18/07/25

नो वेंडिंग जोन में ठेला, गुमटियां, ट्रैफिक जाम से लोग परेशान

# शहर बना बाजार, जहां मर्जी वहां खुल रही दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिन जगहों को नगर निगम ने नो वेंडिंग जोन घोषित किया था, वहां पर भी दुकानें और गुमटियां सज रही हैं। यही नहीं शहर के मुख्य मार्गों में अघोषित बाजार सज रहा है। खासकर रामबाग से लेकर मकई चौक तक कई लोग सड़क किनारे सब्जी पसरा लगा रहे हैं। नगर निगम द्वारा इन जगहों पर सजने वाली दुकानों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जगह-जगह दुकान, पसरा सजने से शहर में ट्रैफिक की समस्या काफी बढ़ गई है।

ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए शहर में कई सड़क व इलाकों को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया था। इन सड़कों पर किसी प्रकार की गुमटी, ठेला आदि लगाकर व्यवसाय करने की अनुमति नहीं है। रायपुर रोड, जगदलपुर रोड, सिहावा रोड सहित कई इलाके इसके अंतर्गत आते थे। नगर निगम ने सिहावा रोड में कई बार दुकानों को हटवाया भी था। समय के साथ इस योजना की हवा निकल गई है। अब स्थिति यह है कि जिसकी जहां मर्जी हो रही है, दुकान खोलकर चला रहा है। उधर शहर की ट्रैफिक दिनोंदिन खराब होती जा रही है। गोलबाजार, रामबाग, सदर बाजार सहित कई जगहों पर हर घंटे दो घंटे में ट्रैफिक जाम जैसी स्थिति बन जाती है। वहीं मुख्य मार्गों पर आए दिन दुर्घटनाएं भी हो रही है। बाईपास मार्ग बनने के बाद उम्मीद थी कि शहर में दुर्घटनाएं कम हो जाएंगी, लेकिन उम्मीद पर पानी फिर गया है। दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।



### हर जगह सज रही दुकानें

शहर में दुकानों, ठेला को लगाने के लिए जगह चिन्हांकित है। बाजार सहित गली मुहल्लों में दुकानें लगाई जा सकती है, लेकिन जहां पर दुकान लगाना प्रतिबंधित है, वहां पर भी सड़कों पर दुकानें सज रही हैं। रामबाग से लेकर मकई चौक तक मार्ग काफी संकरा है, लेकिन यहां पर सड़क किनारे सब्जी पसरा सज रहे हैं। यही नहीं मकई चौक से आगे बठेना तक कई लोग पसरा लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। सिहावा रोड, रत्नाबांधा रोड सहित कई क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में दुकानें सज रही हैं, जिसके चलते आए दिन यातायात बाधित हो रहा है। यातायात पेट्रोलिंग भी इन दुकानों को नजर अंदाज कर निकल जाती है।

### कई गुना हुई आवाजाही

शहर के साथ जिले की जनसंख्या में काफी वृद्धि हुई है। वाहनों की संख्या भी कई गुना बढ़ चुकी है। इसके अनुपात में शहर में ट्रैफिक सुविधाएं नहीं बढ़ी हैं। कुछ सड़क तो सालों पुरानी हैं। आवाजाही कई गुना बढ़ जाने के कारण इन मार्गों पर आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति रहती है। उधर ट्रैफिक नियंत्रण के लिए भी शासन के पास कोई ठोस पॉलिसी नहीं है। लोगों द्वारा गाड़ियों की खरीदी पर भी कोई लगाम नहीं है। शहर के नागरिक पुरूषोत्तम सिन्हा ने बताया कि विदेशों में प्रत्येक परिवार या व्यक्ति द्वारा वाहन रखने के लिए एक निश्चित संख्या निर्धारित है, लेकिन हमारे यहां ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। कोई भी व्यक्ति कितनी भी गाड़ियां रख सकता है। कोई पाबंदी नहीं है।

### इस प्रकार की समस्याएं झेल रहे लोग

- सड़क पर दुकान लगने से आसपास भीड़ बढ़ जाती है, जिससे यातायात बाधित होता है।
- दुकानों के पास गाड़ियां भी खड़ी होती हैं, अघोषित रूप से भीड़ बढ़ने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है।
- सड़क किनारे दुकानों के होने से पैदल चलने वालों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।
- जगह-जगह पसरा लगने से शहर की सुंदरता खराब होती है। बाजार शुल्क वसूली करने वालों को परेशानी होती है।

## खबर संक्षेप

### कुर्रा में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता 8 अगस्त से



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कुर्रा रांवा में इस वर्ष भी श्रीराम कला मानस मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से रक्षाबंधन अवसर पर दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 8 अगस्त एवं 9 अगस्त को किया गया है। सावन झूला महोत्सव का भी आयोजन होगा। इस महोत्सव की तैयारी में अध्यक्ष राधेश्याम यादव, रंजीत साहू, चैतूराम देवांगन समेत अन्य जुटे हैं।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**धमतरी।** शारीरिक बीमारी से परेशान होकर 80 वर्षीय बुजुर्ग ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम माकरदोना निवासी रामलाल यादव पिता सुकलाल उम्र 80 वर्ष टीबी, कमर दर्द एवं अन्य बीमारियों से पीड़ित था। सोमवार की सुबह परिजन काम पर चले गए थे। बुजुर्ग घर पर अकेला था, दोपहर बाद बुजुर्ग ने कमरे के म्यांर में धोती का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने केरेगांव पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## ई-मोपेड की बैटरी तीन साल वारंटी पर थी, दो साल में ही खराब

- उपभोक्ता आयोग ने बैटरी बदलने के साथ क्षतिपूर्ति देने का आदेश सुनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

तीन साल की बैटरी वारंटी वाली मोपेड की बैटरी दो साल भी नहीं चली। आठ माह तक शो रूम का चक्कर लगाने के बाद भी जब उपभोक्ता को बैटरी बदलकर नहीं दी गई तो उसने न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में मामला पेश किया। आयोग ने मामले के सभी पहलुओं पर गौर करने के बाद उपभोक्ता को बैटरी बदलने और साथ में क्षतिपूर्ति देने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार गंगरेल के आरएसपी कॉलोनी निवासी मनोज कुमार बंछोर पिता नारायण प्रसाद बंछोर ने 21 अक्टूबर 2020 को रायपुर के एक शोरूम में इलेक्ट्रिक मोपेड की खरीदी की थी। शोरूम से उसे मोपेड की बैटरी के लिए तीन साल की वारंटी दी गई थी। इस अवधि में यदि मोपेड की बैटरी खराब होती है तो उसे बैटरी बनाकर या बदलकर दिया जाना था। दो साल में ही मोपेड की बैटरी जवाब दे गई। जब मनोज ने शोरूम में संपर्क किया तो उसे रायपुर शोरूम बुलाया गया और दो माह में बैटरी की समस्या दूर करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। मनोज आठ माह तक शोरूम का चक्कर लगाता रहा, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया गया। परेशान होकर उसने न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में मोपेड निर्माता कंपनी और शोरूम संचालक के खिलाफ मामला प्रस्तुत किया। इस मामले में दोनों पक्षों को सुनने, प्रस्तुत सबूतों पर गौर करने के बाद जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्रही, सदस्य रूपा शर्मा, अरविंद सिंह परिहार की पीठ ने फैसला सुनाते हुए आदेश जारी किया है कि शोरूम और निर्माता कंपनी द्वारा 45 दिनों के भीतर मनोज से पुरानी बैटरी लेकर नई बैटरी दी जाए। बैटरी मापदंडों के अनुसार हो। इसके अतिरिक्त मनोज को मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपए और वाद व्यय के रूप में 5 हजार रुपए प्रदान किया जाए। इस मामले में मनोज की ओर से पैरवी अधिवक्ता श्यामसुंदर चंद्राकर ने की है।

## स्कूलों में शिक्षकों की कमी, तालाबंदी जारी

- माध्यमिक शाला अंवरी की प्रबंधन समिति ने शिक्षाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को लेकर स्कूलों में तालाबंदी का दौर शुरु है। गत दिनों शंकरदाह स्कूल में तालाबंदी कर प्रदर्शन हुआ, वहीं 18 जुलाई को दुगली तथा अंवरी स्कूल की शाला प्रबंधन समिति ने जिला शिक्षाधिकारी को ताला जड़ने की सूचना दी है।

माध्यमिक शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष फलेंद्र ध्रुव, प्राशा समिति अध्यक्ष जागेश्वरी निर्मलकर, अंवरी के पूर्व सरपंच लेखराम साहू, सुनील गायकवाड़, पवन यादव आदि ने मंगलवार को जिला शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शासकीय उमावि अंवरी विखं कुरूद में सत्र 2008 के सेटअप अनुसार हिंदी एवं अंग्रेजी विषय के दो व्याख्याता की आवश्यकता थी। इस विद्यालय में विगत कई वर्षों से छात्रों की दर्ज संख्या 350 से 375 रही है। वर्तमान सत्र में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 362 है।




युक्तियुक्तकरण योजना से पहले विद्यालय में हिंदी के एक एवं अंग्रेजी के दो व्याख्याता कार्यरत थे। जिसमें से अंग्रेजी व्याख्याता को अतिशेष बताकर निकाल दिया गया। स्कूल में दर्ज संख्या अधिक होने के कारण पढ़ाई दो सेक्शन में चल रही है। शिक्षकों की कमी से शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। आगे कहा कि चार वर्षों से विद्यालय में संस्कृत, भूगोल, वाणिज्य के व्याख्याताओं की कमी है। शाला विकास समिति ने शिक्षा सत्र के प्रारंभ में स्कूल में शिक्षकों की कमी के बारे में अवगत कराया था। उपरोक्त विषयों के शिक्षक उपलब्ध नहीं होने पर शाला प्रबंधन समिति सहित ग्रामीण शुक्रवार को स्कूल में तालाबंदी करेंगे।

## करोड़ों के खर्च के बाद भी धमतरी निगम स्वच्छता में फिसड्डी

- निगम में स्वच्छता अधिकारी और निरीक्षक नहीं, प्रभारियों के भरोसे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

करोड़ों की मशीनें और करीब डेढ़ सौ सफाई कर्मचारी, लेकिन इन संसाधनों की मॉनटिरिंग करने वाला अधिकारी ही नहीं है। प्रभारी अधिकारियों के भरोसे शहर में स्वच्छता अभियान चल रहा है। शायद यही कारण है कि इस साल धमतरी स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ गया है।

स्वच्छता रैंकिंग में पूरे देश में छत्तीसगढ़ का परफार्मेंस अच्छा रहा। कुल सात नगरीय निकायों को स्वच्छता रैंकिंग में स्थान मिला है। रायपुर, बिलासपुर और अंबिकापुर नगर निगम का परफार्मेंस बेहतर रहा। इसके अतिरिक्त बिल्हा, कुम्हारी सहित कुछ अन्य नगर पंचायतों को भी अवार्ड मिला है। 17 जुलाई को इन नगर पंचायतों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों सम्मान मिलेगा। सम्मान पाने वाले नगरीय निकाय की लिस्ट में धमतरी नगर निगम का नाम दूर-दूर तक नहीं है। ऐसे में नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग कटघरे में नजर आ रहा है।

शहर की सफाई के लिए हर साल लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं। जेसीबी, सेप्टिक क्लीनर, आटोरिक्शा सहित कई प्रकार की मशीन में करोड़ों रुपए का इन्वेस्ट किया गया है। हर माह इन मशीनों में लाखों रुपए का डीजल भी फूंका जाता है। इसके बाद शहर में सफाई का बुरा हाल है। रैंकिंग में शहर की स्वच्छता की पोल खुलने के बाद शहरवासी भी नाखुश है।

### यह है बड़ी समस्या

नगर निगम धमतरी में न तो स्वास्थ्य अधिकारी हैं और न ही स्वच्छता निरीक्षक। कुछ साल पहले इन पदों पर योगेश निषाद और आलोक ठाकुर की नियुक्ति हुई थी। धमतरी में नियुक्ति होने कुछ साल बाद ही इन अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया। योगेश निषाद कसडोल में और आलोक ठाकुर बिलासपुर में ड्यूटी दे रहे हैं। धमतरी में यह पद रिक्त रह गया है। अब मॉनिटरिंग प्रभारी अधिकारियों के भरोसे हो रही है। उधर बिलासपुर नगर निगम टॉप लिस्ट में आया है।




### कबाड़ में कई मशीनें

स्वच्छता के लिए खरीदी गई करोड़ों की मशीनें कबाड़ हो रही हैं। हाल ही में 66 लाख रुपए की लागत से सेप्टिक क्लीनिंग मशीन भी खरीदी गई है, जिसका उपयोग नहीं हो रहा है। इससे पहले खरीदी गई स्वीपिंग मशीन तो बिना उपयोग के कबाड़ हो गई, अब इस मशीन का नामोंनिशान नहीं है। इसके अतिरिक्त जेसीबी मशीन, कचरा कलेक्शन के लिए खरीदे गए कई आटोरिक्शा आदि भी जर्जर कंडीशन में हैं।

### नगर निगम की रैंकिंग अभी तक क्लीयर नहीं

शहर में सफाई के लिए लगातार काम जारी है। आबकारी विभाग की शराब दुकानों के आसपास डिस्पोजल का उपयोग बंद करने के लिए चेतावनी दी गई है। जल्द ही अभियान चलाकर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश के तीन जिलों को इस बार स्वच्छता रैंकिंग में अच्छा स्थान मिला है। धमतरी नगर निगम की रैंकिंग अभी तक क्लीयर नहीं हो पाई है।

- प्रिया गोयल, *कमिश्नर नगर निगम धमतरी*

## टैक्स वसूली के लिए निगम टीम ने वार्डों में दी दस्तक

- वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व लक्ष्य पूरा हो जाएगा : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम प्रशासन के निर्देश के बाद वसूली टीम इन दिनों टैक्स की वसूली के लिए वार्डों में दस्तक दे रही है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए टीम ने इस बार कठोर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। बता दें कि निगम टीम ने पिछले साल लक्ष्य के करीब टैक्स की वसूली कर ली थी। इस बार भी लक्ष्य को पार करने टारगेट बनाया है।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की चालू मांग के अनुसार 30.06.2025 की स्थिति में 15 प्रतिशत की वसूली हो चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर 370.62 लाख, समेकित कर 150.87 लाख, जलकर 189.00 लाख, दुकान किराया 80.49 लाख, भवन भू-खंड 1.27 लाख, दुकानों की बिक्री, प्रीमियम भवन 121.63 लाख, कालोनी अनुज्ञा 9 लाख, विज्ञापन होर्डिंग्स 17.11 लाख, पार्किंग, पशु पंजीयन प्रदर्शनी कर 2.71 लाख, यूजर चार्जेस 35.50 लाख, अन्य टैक्स 125.89 लाख रूपये, टोटल 1104.09 लाख रूपये वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व वसूलना है, जिसे पूरा कर लिया जाएगा।



टीम प्रभारी मो. शेरखान ने बताया कि लक्ष्य पूरा करने अभी से टीम जुट गई है। लोगों को टैक्स पटाने प्रेरित किया जा रहा है। टैक्स भुगतान अब ऑनलाइन भी हो रहा है। इसकी जानकारी लोगों को दे रहे हैं। शहर में लगभग 18 हजार मकान, 3 हजार दुकानें हैं, जहां से टैक्स वसूलना है। लोगों को असुविधा से बचने अभी से टैक्स पटाने कह रहे हैं। बाद में वसूली अभियान के तहत कठोर कार्रवाई की जाती है, जिसमें निगम द्वारा दी जा रही सुविधाओं से वंचित भी किया जाता है।

ग्यारह साल पुराने मामले में हुई कार्रवाई, जिला अस्पताल में पदस्थ था डाक्टर

# रिश्वत मामले में राज्य शासन ने ईएनटी डाक्टर को किया डिसमिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

11 साल पहले रिश्वतखोरी के मामले में राज्य शासन ने जिला अस्पताल में पदस्थ कान-नाक-गला ईएनटी विशेषज्ञ डाक्टर को डिसमिस कर दिया है। राज्य शासन के इस एक्शन से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अवर सचिव दिव्या वैष्णव ने सोमवार को आदेश जारी कर जिला अस्पताल में वर्षों से पदस्थ कान, नाक, गला ईएनटी विशेषज्ञ डा.एमए नसीम को पद से डिसमिस करने का आदेश जारी किया है। आदेश में कहा है कि 2014 में डा. नसीम प्रभारी जिला मलेरिया अधिकारी थे। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम रायपुर ने 8 मार्च 2018 को धारा 7 पीसी एक्ट 1988 के अपराध में एक वर्ष का सश्रम कारावास और 15 हजार के अर्थदंड की सजा से दंडित किया था। डा. नसीम द्वारा इस निर्णय के विरूद्ध में हाईकोर्ट बिलासपुर में अपील की गई थी। अपील पर उच्च न्यायालय ने डाक्टर के खिलाफ पारित दंडादेश को अपील प्रकरण के निराकरण तक निलंबित रखे जाने का आदेश 19 मार्च 2018 को पारित किया। न्यायालय ने डा. नसीम को दोषमुक्त नहीं किया, अपितु उसकी सजा को अपील प्रकरण के निराकरण तक निलंबित स्थगित रखा गया था।



सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार किसी शासकीय सेवक जिसे न्यायालय द्वारा अपराध प्रकरण में दोषी पाए जाने के कारण दंडित किया गया हो एवं उस शासकीय सेवक के नैतिक पतन होने का आभाष होता है तो शासकीय सेवक की सेवाओं से पदच्युत डिसमिस करने की शास्ति अधिरोपण किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निहित प्रावधानों के तहत डा.नसीम के विरूद्ध दंडादेश पारित करने के पूर्व सीजीपीएचसी के लिए प्रेषित किया गया। जिसमें 19 जून 2008 के प्रशासकीय निर्णय पर आयोग ने सहमति प्रदान की है। इस मामले में समन्वय में मुख्यमंत्री का आदेश भी प्राप्त किया गया।

अंतिम में राज्य शासन द्वारा डा.एसए नसीम चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल धमतरी को विशेष न्यायाधीश रायपुर द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र अनुसार छग सिविल सेवा अधिनियम 1966 के नियम 10/9 के तहत तत्काल सेवा से पदच्युत डिसमिस करने की शस्ति अधिरोपण किया गया है। इस आदेश में सीएमएचओ धमतरी को आदेश की तामिली प्रतिवेदन तत्काल भेजने कहा गया है।

### राज्य शासन का आदेश मिला : सीएमएचओ

सीएमएचओ डा.यूएल कौशिक ने मीडिया को बताया कि मामला 2014 का है। उस समय डा. नसीम जिला मलेरिया अधिकारी थे। इस दौरान एंडी करप्शन ब्यूरो ने लेन- देन पर कार्रवाई की थी जिसका मामला न्यायालय में चला था। न्यायालय के पारित आदेश के खिलाफ डाक्टर ने हाईकोर्ट में अपील कर स्टे लिया था। न्यायालय के फैसले के बाद राज्य शासन ने डाक्टर को पदच्युत करने का आदेश जारी किया है। उक्त आदेश कार्यालय में प्राप्त हुआ है।

**पाठक सूचना**
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### श्रावण मास में शिव मूर्ति की विधि विधान से की स्थापना

**चारामा।** शांति नगर सिरसिदा में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को समाज सेवक कन्हैया सिंह ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक के प्रयास एवं सहयोग से शांति नगर सिरसिदा में शिव मूर्ति की स्थापना विधि विधान से किया गया, जिसमें शिव भक्तों का भक्ति उमड़ पड़ा। स्थापना के बाद अधिकांश महिला शिव भक्ति भजन कामिनी ठाकुर, माधुरी ठाकुर, लता सिन्हा, राजकुमारी यादव, ललित बोरकर एवं गंगा साहू द्वारा प्रस्तुत किया गया। प्रसाद वितरण में अंस ठाकुर एवं आदर्श ठाकुर का एवं चबूतरा निर्माण में घनश्याम सिन्हा, वेदांत, मनन सिन्हा एवं निवासियों का योगदान रहा।

### बालक आश्रम सुरूंगदोह के प्रभारी अधीक्षक निलंबित

**कांकेर।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत बालक आश्रम सुरूंगदोह के प्रभारी अधीक्षक ओकेश्वर चुरेन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। सहायक आयुक्त के अनुसार सांसद द्वारा उक्त बालक आश्रम के औचक निरीक्षण किया गया, उस दौरान प्रभारी अधीक्षक नशे की हालत में मिले। प्रधान अध्यापक एवं प्रभारी अधीक्षक के उक्त कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम 1,2,3 के विपरीत पाए जाने के कारण प्रभारी अधीक्षक को मूल पद प्रधान पाठक प्राथमिक शाला बालक आश्रम सुरूंगदोह को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण (नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी कोयलीबेड़ा नियत किया गया है।

### कच्ची महुआ शराब के साथ युवक को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** कच्ची शराब का व्यापार शहर व आसपास के ग्रामीण इलाके में धड़ल्ले से चल रहा है। अवैध ढंग से शराब रखने व बेचने वालो पर कड़ी कार्यवाही करने के शख्त निर्देश उच्चाधिकारियों से मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गई है। कांकेर पुलिस को अवैध रूप से शराब बेचने में संलिप्त कोचियों को पकड़े में सफलता मिली और उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाई किया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि अघन नगर कांकेर निवासी अखिलेश कुमार शर्मा सिटी सेंटर के पास अवैध रूप से महुआ शराब रखने और उसे बेचने के लिए ग्राहक की तालाश कर रहा है। पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत युवक की रेकी किया और इलाके की घेराबंदी कर छापामार कार्यवाई किया। कार्यवाई के दौरान पुलिस को आता देख शराब खरीदने वाले इधर उधर भाग गए। मौके पर आरोपी अघन नगर कांकेर निवासी 27 वर्षीय अखिलेश कुमार शर्मा पिता जागेश्वर शर्मा को पकड़ा गया।

## निधन

### रुक्मणि बाई साहू



**कुरूद।** ग्राम सेमरा (भखारा) निवासी रुक्मणि बाई साहू पति स्व. सुखीराम साहू 74 वर्ष का सोमवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। वह चंद्रशेखर साहू, जितेंद्र साहू एवं कमलेश साहू की मां थी। रुक्मणि बाई भरा-पूरा परिवार छोड़ गई।

### ओमप्रकाश साहू



**मगरलोड।** ग्राम आमाचानी निवासी ओमप्रकाश साहू (पप्पू ) 39 वर्ष का निधन 15 जुलाई मंगलवार को गया। वे अपने पीछे पत्नी सुलोचना बाई, पुत्री रूपाली, चाचा छन्नू साहू, भाई अशोक, खिलावन सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन एवं सामाजिकगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

भारतमाला, बड़ी करेली, नारी मार्ग जर्जर, प्रशासन मौन

# मगरलोड क्षेत्रवासियों को कुरूद जाना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

मेघा महानदी में करोड़ों रुपए की लागत से नए सेतु का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। सेतु निर्माण के पूर्व वैकल्पिक मार्ग निर्माण के लिए कच्ची मिट्टी की सड़क बनाई गई थी। प्रथम हल्की बारिश में ही कच्ची मिट्टी की सड़क ने दम तोड़ दिया है। 7 जुलाई को मेघा महानदी से आना-जाना रास्ता बंद कर दिया गया है। मगरलोड क्षेत्रवासियों को कुरूद, धमतरी, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, बालोद, राजनांदगांव सहित अन्य शहर आने-जाने के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था ठेकेदार सहित प्रशासन द्वारा नहीं की गई है। यात्रीगण जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं।





### वैकल्पिक मार्ग व्यवस्था पर ठेकेदार व प्रशासन मौन

मेघा महानदी आवागमन बंद होने से यात्रीगण परेशान हैं। आवागमन बंद कर देना समस्या का हल नहीं है। समस्या का समाधान कर व्यवस्था बनाना महत्वपूर्ण है। ऐसी विकराल समस्या पर ठेकेदार सहित पूरर प्रशासन मौन हैं। सिंचाई विभाग द्वारा जल संग्रहण हेतु बनाया गए एनीकट मार्ग से मोटरसाइकिल एवं पैदल राहगीर आना जाना कर रहे हैं। उक्त मार्ग में यात्रीगण जान जोखिम में डालकर सफर करने मजबूर हैं। एनीकेट मार्ग सुरक्षित साधन नहीं है।

### वाहन कीचड़ में फंस रहे

वैकल्पिक मार्ग खराब होने पर मेघा महानदी से आवागमन बंद हो गया है। मगरलोड क्षेत्र वासियों को कुरूद सहित अन्य शहर आने-जाने के लिए भारतमाला और बड़ी करेली दो ही मार्ग विकल्प में है। भारतमाला सड़क मार्ग के लिए ग्राम राजपुर व सरगी के मध्य बड़ी सड़क छह लाइन भारतमाला चढ़कर सीधे ग्राम उमरदा के पास उतरना पड़ता है। ज्ञात हो कि भारतमाला बड़ी सड़क में चढ़ने व उतरने वाली जगह को रेत भरी हाईवे वाहन से चकनाचूर कर दिया गया है। उक्त स्थल कीचड़ से सराबोर होकर गहरा गड्ढा हो गया है। साइकिल , मोटरसाइकिल सहित चारपहिया वाहन कीचड़ में फंस रहे हैं।

### सड़कों पर गहरे गड्ढे

बड़ी करेली मार्ग में उड़ीसा, सिंगपुर, नगरी, बेलरगांव, बोरसी, मोहंदी मार्ग से आने वाले ट्रक, लारी पिकअप, मेटाडोर, हाइवा मेघा से गुजर ग्राम खैरझिटी मार्ग पर चलता है जिससे सड़कों पर गहरा गड्ढा हो गया। स्कूल आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। सड़क पर भरा गंदा पानी से छात्रों के कपड़े खराब हो रहे हैं। बड़ी करेली मार्ग में गहरा गड्ढा हो गया है गड्ढों में गंदा पानी भरा हुआ है। वहां चलने लायक नहीं है।

### सड़क मार्ग की मरम्मत पर प्रशासन की अनदेखी

मेघा महानदी पर सेतु निर्माण के समय बनाया गया कच्ची मिट्टी मार्ग टूटने से आवागमन बंद हो गया है। भारतमाला सड़क मार्ग और बड़ी करेली सड़क मार्ग खराब होने पर एक सप्ताह बाद भी सड़क मरम्मत करने पर शासन द्वारा अनदेखी की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों को उक्त मार्ग में हो रही और सुविधा की जानकारी के बाद भी सुधार के लिए कोई पहल नहीं करना चिंता का विषय है।

### मार्ग की होगी मरम्मत

इस मार्ग को लेकर एसडीएम नभसिंह कोसले ने बताया कि आज मैं मगरलोड प्रवास पर रहूंगा। घटनास्थल का मुआयना कर मरम्मत का काम किसी एजेंसी को दूंगा।

## हाईटेक बस स्टैण्ड सहित प्रमुख निर्माण कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश



■ नगरीय निकायों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के नगरीय निकायों की कार्यप्रगति की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के नगर निगम धमतरी सहित सभी नगरीय निकायों में चल रहे निर्माण कार्यों, अधूरे प्रोजेक्ट्स और स्वच्छता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धमतरी में प्रस्तावित हाईटेक बस स्टैण्ड की संपूर्ण प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाए, जिससे नागरिकों को आधुनिक परिवहन सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने नालंदा परिसर (लाइब्रेरी), इंडोर स्टेडियम में मल्टी परपज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और स्पोर्ट्स फील्ड के विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ऑडिटोरियम के आंतरिक एवं बाह्य विकास कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा। शहर के सौंदर्यीकरण पर विशेष जोर देते हुए कलेक्टर ने चौक-चौराहों की साज-सज्जा और स्वच्छता को प्राथमिकता में रखने की बात कही।

आयुक्त नगर निगम श्रीमती प्रिया गोयल ने निगम एवं अन्य नगरीय निकायों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विभिन्न विकास योजनाओं के तहत निर्माण कार्य प्रगति पर हैं, जिनमें अटल परिसर, गौरव पथ, चौपाटी जैसे प्रमुख स्थलों पर निर्माण कार्य शामिल हैं।

## मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य की हुई समीक्षा

■ नगरी विकासखंड की 102 ग्राम पंचायत के सरपंचों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



विकासखंड की 102 ग्राम पंचायत के सरपंचों की बैठक जनपद पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जिला सीईओ रोमा श्रीवास्तव एवं जनपद सीईओ रोहित कुमार बोरझा की उपस्थिति में हुई।

बैठक में पंचायतों में निर्माण कार्य एवं सामग्री क्रय के लिए भंडार क्रय नियम,पंचायतों का लेखा टैक्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, एस.बी.एम एवं एन.आर.एलएम की समीक्षा की गई। इस दौरान ब्लॉक में पंचायत स्तर पर चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर अधूरे कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने की बात कही गई। ग्राम पंचायत स्तर पर जितने प्रकार के टैक्स लिए जा रहे हैं । उन टैक्स को समय पर लिया जाए एवं टैक्स के पैसों को गांव के विकास कार्यों में किया जाए एवं गांव के लोगों को मनरेगा कार्य से रोजगार उपलब्ध कराया जाएं, ताकि ग्रामीणों को पलायन से रोका जा सके।

पीएम आवास योजना में आ रही समस्याओं को दूर करने की सलाह देकर जिन हितग्राहियों को समय पर पैसा उपलब्ध नहीं हो पा रहा है ,उनके खाते की जांच की जाय और एकाउंट के त्रुटि को सुधार करें जिससे हितग्राहियों के खाते में पैसा आए और प्रधानमंत्री आवास समय पर पूर्ण हो सके। स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरपंचों को ग्राम पंचायत को साफ सफाई रखने के संबंध में जानकारी देकर गांव की गलियों एवं स्कूल आंगनबाड़ी स्वास्थ्य केंद्रों को पूर्ण रूप से स्वच्छ रखने गांव में गंदगी न फ़ैले एवं गांव में कोई बीमार पांव न पसारे, इस चीज का भी ध्यान रखने की सलाह दी गई।

बिहान योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत में समूह का निर्माण कर लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने महिला समूह को बैंक से लोन लेकर आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही गांव के विकास में सहयोग करने की सलाह दी गई। मौके पर मिश्री गौर, रोजगार गारंटी आयुष झा, आरईएस एसडीओ गिरीश सोनी, जिला पंचायत से धर्म कुमार, एमपी गंगेल, सरपंच अध्यक्ष उमेश देव, उषादेवी नाग, बीरबल पद्माकर, रेमन शांडिल्य, चंद्र कुमार अग्रवानी, राधिका नेताम, नागेंद्र बोरझा, रूपेंद्र मरकाम, जीवन नाग, आरती नेताम, नीलकमल, दुर्गा, उमेश्वरी, केशव टेकाम समेत कर्मचारी- अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनता के हितों की रक्षा की है : नीलम

■ जिपं सदस्य कांग्रेस की जन न्याय यात्रा में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर गरियाबंद जिले में चल रही कांग्रेस की जन न्याय यात्रा में नगर पंचायत कोपरा गांधी चौक पहुंचकर शामिल हुए। बेंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव के नेतृत्व में आम सभा का आयोजन हुआ जिसमें धमतरी विधायक ओंकार साहू भी उपस्थित थे।

इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा जनता के हितों की रक्षा और उनके मुद्दों पर बात करने का प्रयास किया है। पार्टी की नीतियों और कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता के जीवन में सुधार लाना और उनकी समस्याओं का समाधान करना होता है। भाजपा सरकार में शिक्षा विभाग का युक्तियुक्तकरण शिक्षा व्यवस्था व स्कूली बच्चों के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार इस युक्तियुक्तकरण के जरिये युवाओं को बेरोजगार कर रोजगार देने से बचना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में महंगाई चरम सीमा पर है। किसान, नवजवान, बुजुर्ग, महिलायें परेशान हैं। खाद्य पदार्थों, एलपीजी, गैस और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि ने आम लोगों को परेशान कर दिया है। वहीं 67 नई शराब दुकान खोलने की निंदा करते हुए नीलम ने कहा कि इससे समाज का माहौल खराब होगा। अपराध बढ़ेंगे और महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा की घटनाएं भी बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि शराब भट्ठी खुलने से क्षेत्र का विकास रुकेगा और आने वाली पीढ़ी भी बर्बाद हो जायेगी। बता दें कि इसी विरोध में मैनपुर से रायपुर तक 150 किलोमीटर की पद यात्रा का शुभारंभ प्रदेश कांग्रेस के मुखिया दीपक बैज द्वारा किया गया है। क्षेत्रवासी और कांग्रेस के पदाधिकारियों के नेतृत्व में पदयात्रा जारी है।

## अंचल की खबरें

### निकाले गए प्लेसमेंट कर्मचारियों को काम में रखने की मांग



■ कांग्रेस पार्षदों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** नगर निगम में निकाले गए सभी प्लेसमेंट कर्मचारियों को काम में वापस रखने की मांग को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने महापौर रामू रोहरा को ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि कुछ कर्मचारियों को फिर से काम में रखने की जानकारी मिली है।काम में रखना है तो सभी कर्मचारियों को रखे। बिना भेदभाव की निःशर्त सभी की वापसी हो । उपनेता विशु देवांगन ने कहा कि राजनीतिक दबाव बनाकर कुछ प्लेसमेंट कर्मचारियों को फिर से निगम में रखने की जानकारी मिली। जो गलत है। सभी निकाले गए कर्मचारियों को रोजी रोटी की समस्या बनी हुई है। सभी 18 प्लेसमेंट कर्मचारियों को फिर से काम में रखा जाए। ज्ञापन देने के दौरान पार्षद योगेश लाल, सुमन मेश्राम, रामेश्वरी कोसरे ,पूर्णिमा रजक उपस्थित रहे ।

### मेधावी छात्र परीक्षा में देवराज द्वितीय



**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर माध्यमिक विद्यालय बोड़रा में कक्षा 7वीं में अध्ययनरत छात्र ग्राम आमाचानी निवासी देवराज ने मेधावी छात्र परीक्षा में पूरे प्रांत स्तर में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिवारजनों को गौरवान्वित किया है। वे डायमंड साहू, टुकेश्वरी साहू के पुत्र हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य शंकरलाल साहू, त्रिलोचन साहू, गोविंद साहू, गोपाल साहू, मिथिलेश साहू, खूबलाल साहू, डोमार साहू, सालिकराम साहू, राधेश्याम साहू सहित विद्यालय के शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### भुसरेंगा स्कूल परिसर में बच्चों एवं शिक्षकों ने किया पौधारोपण



**डांडेसरा(धमतरी)।** शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। शाला परिसर में यूको क्लब के बच्चों एवं शिक्षकों ने फलदार और फूलदार पौधों का रोपण किया। यूथ एवं यूको क्लब प्रभारी श्रीमती गीता साहू ने कहा कि धरती का श्रृंगार पेड़ पौधे लगाकर करना चाहिए तथा उनकी देखभाल, उनकी रक्षा करनी चाहिए। पर्यावरण साफ रहेगा और हमें शुद्ध आक्सीजन मिल पायेगी। कार्यक्रम में प्रधानपाठक यूके कोसरिया, वरिष्ठ शिक्षक लोमश साहू, यामिनी देवांगन, गीता साहू, आरती यादव, सीताबाई साहू, दयाबाई नागरची समेत स्कूल के सभी बच्चे शामिल हुए।

### रामपुर स्कूल में छात्र संघ ने ली शपथ



**बगदेही(धमतरी)।** शाउमावि रामपुर में नवनियुक्त छात्र संघ अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। शालानायक छत्रपाल कक्षा 12वीं, उपशालानायक नोमेश 11वीं, सचिव गोमती, कोषाध्यक्ष योभांशु, अनुशासन प्रभारी गणिका, क्रीड़ा प्रभारी सोनी टंडन, सांस्कृतिक प्रभारी खिलक्षी, एको क्लब प्रभारी अंकिता, 12वीं कक्षा नायक किरण, सानिया, 11वीं- शिवम, मारिया, 10वीं खुशी खिलेश्वर, नवमी नूतेश जागेश्वर को प्राचार्य आरके बघेल के शपथ दिलाई। कार्यक्रम में आरके बघेल, आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, जीके साहू, डीके साहू, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मेचका में लगा अंतिम संतृप्तिकरण शिविर



**धमतरी।** धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विकासखंड नगरी के ग्राम पंचायत मेचका में अंतिम संतृप्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित शासकीय योजनाओं की जानकारी जनसामान्य तक पहुंचाना एवं पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करना था। शिविर में 6 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। वहीं आयुष्मान भारत योजना के तहत 2 पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड हेतु पंजीकरण किया गया। शिविर में स्थानीय ग्रामीणों के साथ जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीग उपस्थित रहे।

जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी व भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णाकांत ने हरी झंडी दिखा किया विदा

## कुरूद जनपद से 25 तीर्थयात्री रामलला दर्शन के लिए अयोध्या रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद




जनपद पंचायत कुरूद क्षेत्र के 25 तीर्थयात्री रामलला दर्शन के लिए एक बस में सवार होकर रेलवे स्टेशन रायपुर के लिए रवाना हुए जिन्हें जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार तीर्थ स्थल दर्शन योजना के तहत राज्य के बुजुर्ग व नौजवानों को हिन्दू धर्म के आराध्य प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली के अयोध्या धाम के दर्शन करा रहरहै। कुरुद जनपद क्षेत्र से भी 25 तीर्थयात्रियों को मंगलवार को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर एक बस से रवाना किया।

इस यात्रा को लेकर जनपद अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य के निवासियों को अयोध्या में रामलाला के दर्शन कराने का अवसर प्रदान करना है। यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस प्रतिबद्धता को पूरा करती है जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य के लोग इस पवित्र स्थल का दौरा कर सकें। मण्डल अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को बिना किसी आर्थिक बोझ के अयोध्या जाने का मौका देना है। यह योजना उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और धार्मिक यात्रा करने में असमर्थ हैं। इसके माध्यम से सरकार लोगों की धार्मिक आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है और उन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

इस अवसर पर पार्षद मनीष साहू, प्रकाश धीवर, नंदू ध्रुव, जनपद पंचायत के राकेश ध्रुव, रमेश यादव सहित सभी तीर्थयात्री उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**
**// नोटिस //**

क्रमांक/ /तह./वा/2025
धमतरी दिनाक 23/06/2025

प्रति,
**मदनलाल पिता जेठानंद**
सा. धमतरी तह. व जिला धमतरी

विषय :- सुनवाई दिनांक 09/07/2025 को उपस्थिति प्रस्तुत करने बाबत्।

संदर्भ :- इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202505130700081/अ-6अ वर्ष 2024-25।

---000---

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदन रतनलाल पिता फौजमल संचेती जैन निवासी आमापारा धमतरी तहसील व जिला धमतरी के द्वारा महंत घांसीदास वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी स्थित भूमि ख.नं. 423/4, 433/4, 433/5 रकबा 0.05/0-020 एवं ख.नं. 433/35 रकबा 0.005 कुल ख.नं. 2 कुल रकबा 0.025 हे. को विक्रेता मलेच्छ पिता तुकाराम पटेल जाति मरार से दिनांक 21/10/1991 को पंजीकृत बिक्रीपत्र व्दारा क्रय किया गया है। बिक्रीपत्र के आधार पर नामांतरण पंजी क्र. 184 दिनांक 18/8/1999 दर्ज किया गया। उक्त भूमि अनावेदक 1 रमनलाल के नाम पर दर्ज है। रतनलाल के स्थान पर रमनलाल एवं पिता फौजमल संचेती के नाम को कौजमल संचेती दर्ज हो गया है वर्तमान में मदनलाल पिता जेठामल प्रदर्शित है, जिसे सुधार किये जाने आवेदन पत्र पेश किया गया है।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में दिनांक 21/07/2025 को उपस्थिति हेतु नोटिस प्रेषित है। उपरोक्त दिवस को आपके अनुपस्थिति या आपके या अभिभाषक के माध्यम से कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत नहीं किए जाने पर आपकी मौन स्वीकृति मानी जावेगी। नियत समयावधि पश्चात प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**तहसीलदार**
**धमतरी (छ.ग.)**

## अंचल की खबरें

### गुरु पूर्णिमा पर्व पर बरगद का पौधा रोपा



**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में ग्राम जवरगांव में गुरु पूर्णिमा पर तालाब पार में अपनी मां की स्मृति में बरगद का पौधा रोपण किया गया। मौके पर एमआर निषाद जिला संगठन प्रभारी, अंकालुराम निषाद, गोपालराम साहू समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### खुशबू का अंडर 17 बाक्सिंग स्पर्धा के लिए चयन



**धमतरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिलौटी में ब्लाक स्तरीय बाक्सिंग स्पर्धा का आयोजन 14 जुलाई को हुआ। जिसमें कक्षा बारहवीं की छात्रा खुशबू ध्रुव पिता संतोष ध्रुव का चयन अंडर-17 बाक्सिंग स्पर्धा में जिला के लिए हुआ है। उनकी इस उपलब्धि में खेल शिक्षिका रानी साहू का विशेष मार्गदर्शन रहा। सभी शिक्षकों ने इनके उज्वल भविष्य की शुभकामना की।

### धीवर समाज का चुनाव एवं वार्षिक अधिवेशन 19 को



**धमतरी।** धीवर समाज धमतरी परगना के अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए चुनाव एवं वार्षिक अधिवेशन 19 जुलाई को होगा। 12 जुलाई को छग धीवर समाज महासभा के संरक्षक परमेश्वर फूटान, पाटन परगना के पूर्व अध्यक्ष हृदय राम गुरुपरख, कंडेल परगना के वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद मच्छेद्र एवं समाजजनों की उपस्थिति में मतदाता सूची जारी की गई। नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में चयनित पंचगण के अतिरिक्त रत्नाबांधा, मुजगहन, अछोटा, शकरवारा, गंगरेल, बेंद्रानवागांव, मरादेव, रुद्री, नगरी सांकरा, राजपुर आदि ग्रामों के चयनित पंचगण भी मतदान करके अपने मनपसंद पदाधिकारियों का चुनाव करेंगे। निर्वाचित पदाधिकारियों को छग धीवर समाज महासभा के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कुमार धीवर द्वारा शपथ दिलाई जायेगी।

### कॉलेज विद्यार्थियों ने नपं में इंटर्नशिप पूर्ण की



**अंवरी।** इंटर्नशिप प्रोग्राम छात्रों को वास्तविक दुनिया के कार्य अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है। इंटर्नशिप प्रोग्राम यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो छात्रों को कक्षा में सीखी गई अवधारणाओं को वास्तविक कार्यस्थल पर लागू करने में मदद करता है। यह छात्रों को पेशेवर अनुभव, संपर्क और नौकरी के अवसर प्रदान करता है। इसी कड़ी में नगर पंचायत में इंटर्नशिप के लिए वेदव्यास शासकीय महाविद्यालय से छात्र छात्राएं लगातार आकर विभिन्न जनोपयोगी कार्यक्रम की जानकारी ले रहे हैं। अध्यक्ष ज्योति हरख जैन ने प्रोजेक्ट पूरा करने में मदद की। इस अवसर पर पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, डुमेंद्र गंगबेर, गौतमी पटेल, दिनेश यादव, भूपेश्वरी चंदेल समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित थे। यहां छात्रों को आवास योजना, राशन कार्ड योजना, आयुष्मान कार्ड योजना, श्रम कल्याण, पेंशन योजना की जानकारी ली। स्वच्छता समूह से चर्चा भी की।

### बेलरगांव स्कूल में शांति पूजा एवं प्रवेश उत्सव मना



**नगरी।** यूनिक रीड इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल बेलरगांव में विशेष यूनिक डे कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों की पढ़ाई, स्वास्थ्य और संपूर्ण शैक्षणिक सत्र की सफलता के लिए शांति पूजा एवं हवन किया गया। साथ ही नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए प्रवेश उत्सव भी मनाया गया। विद्यालय के निदेशक अमित चोपड़ा, दिव्यांश चोपड़ा एवं गोपाल साहू की अगुवाई में यह कार्यक्र सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने भक्ति भावना और अनुशासन के साथ पूजा में भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। विद्यालय के नवनियुक्त हेड बॉय जीवन नेताम, हेड गर्ल तरीनी निषाद, कल्चरल सेक्रेटरी कुसुम साहू तथा जनरल सेक्रेटरी तेविश साहू का भी सम्मान किया गया। पालक समिति के अध्यक्ष लीलम्बर साहू तथा विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को विद्यार्थियों के नैतिक और सांस्कृतिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### गुरु को याद करने का पर्व है गुरु पूर्णिमा

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि पचपेड़ी में प्राचार्य के निर्देशन एवं एनएसएस इकाई के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। कक्षा बारहवीं की छात्राओं दामिनी, सानिया, लक्ष्मी एवं मोनिका ने गुरु महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य रविंद्र कोसरे ने गुरु को कुम्हार और शिष्य को घड़ा बताते हुए कहा कि जिस प्रकार कुम्हार मिट्टी को विभिन्न आकार में बदलकर उसे उपयोगी स्वरूप देता है, ठीक उसी प्रकार गुरु भी अपने शिष्य को ज्ञान से अलंकृत करके उसे सार्थक स्वरूप प्रदान करता है।

दो कार्टून डिस्पोजल, गिलास-कप, 15 बोरियां पानी पाउच जब्त

# प्लास्टिक, झिल्ली, पानी पाउच, डिस्पोजल बेचते दुकानदार रंगेहाथ पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम की टीम ने मंगलवार को शहर के दानीटोला एवं अम्बेडकर वार्ड स्थित शराब दुकानों के पास खोले गए खोमचों में दबिश दी। छापामार शैली में जांच के दौरान प्लास्टिक झिल्ली, डिस्पोजल, पानी पाउच आदि प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग करते एवं बेचते पाए जाने पर जब्ती बनाई गई।

विदित हो कि निगम प्रशासन ने कुछ दिन पहले शराब दुकानों के आसपास साफ-सफाई रखने का निर्देश जारी किया था। परिसर में प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की चेतावनी भी थी। प्लास्टिक का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। यह पर्यावरणीय नियमों के विरूद्ध है।

कार्रवाई के दौरान निगम टीम ने दुकानों के अंदर से दो कार्टून डिस्पोजल सामग्री, 15 बोरी पानी पाउच जब्त किया तथा भविष्य में इन सामग्रियों के उपयोग नहीं करने की चेतावनी दी है। निगम के उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि निगम क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की गई है।

आयुक्त प्रिया गोयल ने प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई करने उड़नदस्ता टीम का गठन किया है जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आकस्मिक दबिश देकर उचित कार्रवाई करेगी।

निगम प्रशासन ने शहरी जनता से आग्रह किया है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग न करें। दुकानदारों से प्लास्टिक थैली की मांग न करें। घरों से जूट या कपड़े का थैला लेकर खरीदारी करने निकले। प्लास्टिक को न कहें। दुकानदारों को चाहिए कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग न करें और न ही क्रय विक्रय करे। धमतरी को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करें। वार्ड स्तर पर स्वमेव पर्यावरण मित्र का गठन कर साफ सफाई करें। प्लास्टिक का उपयोग करते, क्रय विक्रय करते हुए जानकारी प्राप्त होने पर निगम को सूचित करें।

#### निगम टीम की खोमचों में दबिश





महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शहर को साफ, सुंदर और स्वच्छ रखने की दिशा में निगम प्रयासरत है। ठोस कर्रवाई का रिजल्ट भी सामने आया है। सड़क में गंदगी नहीं दिखती, नाला नालियां साफ हैं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह द्रुरूस्त है लेकिन इसमें जन सहयोग भी आवश्यक है। इंदौर की तर्ज पर शहर में सप्लाई को लेकर विशेष फोकस किया जाएगा।

## प्रथम बैच के 37 वालंटियरों ने लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर सेना कार्यालय में सिविल डिफेन्स वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा 8 सिविल डिफेन्स जिलों में धमतरी जिला का चयन भी किया गया है। इसके लिए सिविल डिफेन्स वालंटियर्स का रजिस्ट्रेशन नगर सेना कार्यालय में किया जा रहा है।

अभी तक कुल 140 वालंटियर्स का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। प्रथम बैच के कुल 37 वालंटियरों ने प्रशिक्षण लिया। 10.30 से 2 बजे तक चले प्रशिक्षण में नागरिक सुरक्षा से संबंधित 12 सेवायें, फायर मॉकड्रिल के माध्यम से फायर सेफ्टी के प्रावधान, बचाव एवं आपदा उपकरणों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही अर्बन फील्ड के मेडिकल ऑफिसर डॉ. तृप्ति देव एवं डॉ. अलदनिश कदीर द्वारा प्राथमिक उपचार, टूटी हड्डी को सपोर्ट देना, सीपीआर, एक्सीडेंट होने पर घायल व्यक्ति को दी जाने वाली सहायता के बारे में डेमो करके बताया गया।

प्रशिक्षण मेजर कलीराम, राजेन्द्र कुमार, सुदामा राम, अनिल नेताम, चंद्रकुमार, प्रेमलाल, टिकेश कुमार, दुष्यंत एवं फायर टीम दिलीप निषाद, शितेश पवार, अरुण यादव, देवेन्द्र साहू, भरत ठाकुर द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जिला सेनानी शोभा ठाकुर, एएसआई समीक्षा चौहान, नगर सैनिक सुन्दर लाल, चंद्रकांत चंद्राकर, सुरेंद्र कुमार, कीर्तन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## पर्यावरण प्रेमियों ने ओड के घने जंगलो में की ट्रैकिंग



■ कुलाप जलप्रपात के नयनाभिराम दृश्य का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नगर के पर्यावरण मित्र संस्था के सदस्यों ने दो दिवसीय गरियाबंद जिले के ओड स्थित कुलाप-कालीपगार-बनियाधस जलप्रपात व जंगलों में बाइक से ट्रैकिंग करते हुए उड़ीसा राज्य के सुनाबेडा वाइल्डलाइफ सेंचुरी का प्राकृतिक अध्ययन किया। गरियाबंद जिले के मैनपुर और उड़ीसा राज्य के नुआपाडा का जंगल भ्रमण करते हुए बेस कैंप ओड से घने जंगलों में 8 किमी की पैदल ट्रैकिंग करते हुए घने पहाड़ियो के मध्य स्थित कुलाप जलप्रपात के विहंगम दृश्य के साथ ही बनियाधस और कालीपगार जलप्रपात के नयनाभिराम दृश्य का भी लुत्फ उठाया।

इस दौरान अपने अनुभवों को साझा करते हुए को-लीडर पुष्कर गोस्वामी ने बताया कि बचपन से ही ओड स्थित घने जंगलों के बीच स्थित विभिन्न जलप्रपातों की नैसर्गिक सुंदरता आकर्षक का केन्द्र रही है तथा प्रकृति के बीच जलप्रपातों और घने जंगलों की प्राकृतिक विहंगम दृश्य अलौकिक है। दल में ग्रुप लीडर नीरज शुक्ला, प्रमोद शुक्ला, को लीडर पुष्कर गोस्वामी, इनवायरमेंट लीडर आकाश चंद्राकर, मोहन सुखरामणी, प्रसन्न नायडू, पुष्कर नाग, संदीप चंद्राकर, खुमेश्वर साहू, अथर्व चंद्राकर, भावेश नाग, तिजिल गोस्वामी शामिल थे।

वनांचल के विकास के लिए जिपं अध्यक्ष ने की पहल

## मंत्री नेताम से पुल-पुलिया, खेती-बाड़ी और मॉडल कॉलोनी को लेकर रखी मांगें

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विधानसभा सत्र के दौरान जिपं अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने छग शासन के आदिवासी विकास मंत्री रामविचार नेताम से विधानसभा भवन में भेंट की। इस दौरान जिपं सदस्य अजय ध्रुव भी उनके साथ थे।

श्री सार्वा ने अपने क्षेत्र के सुदूर वनांचल ग्रामीणों की समस्याओं को संवेदनशीलता से उठाते हुए मंत्री श्री नेताम को बताया कि बारिश के दिनों में ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने नगरी विकासखंड में पुल-पुलिया, सीसी रोड एवं अहाता निर्माण को प्राथमिकता में लेकर शीघ्र स्वीकृति देने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने



क्षेत्रीय किसानों के लिए विविध फसलों की खेती को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक बजट प्रावधान और सरकारी अनुदान योजना लागू करने की भी मांग की। श्री सार्वा ने कहा कि कमार, गोंड और अन्य जनजातीय समुदायों के किसान पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर सब्जी, मसाले, फलदार पौधों एवं औषधीय फसलों की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

ऐसे में सरकार द्वारा प्रशिक्षण, बीज, जैविक उर्वरक, सिंचाई साधन और विपणन सहायता हेतु विशेष पैकेज जारी करना आवश्यक है। गौरतलब है कि अरुण सार्वा के प्रयास से नगरी विकासखंड के कमार बहुल ग्राम मशानडबरा में जन-मन आवास योजना के अंतर्गत माडल कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी प्रशंसा पूरे प्रदेश में हो रही है। कुछ दिन पूर्व मंत्री रामविचार नेताम ने खुद मशानडबरा का दौरा किया था और इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा था कि यह कॉलोनी छत्तीसगढ़ के अन्य आदिवासी अंचलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

जीवन की जद्दोजहद

## सड़क किनारे संघर्ष कर रहीं वनांचल क्षेत्र की महिलाएं



■ धूप, बारिश और थकान की परवाह किये बिना सड़क किनारे बेच रही बोड़ा, फुटु, डोंगरीभाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकासखंड नगरी के जंगली क्षेत्र में रोज सुबह व दोपहर को एक भावुक दृश्य देखने को मिलता है। सड़क किनारे वनांचल क्षेत्र की कुछ ग्रामीण महिलाएं अपने परिवार के भरण पोषण के लिए जंगल से लाये उत्पाद मशरूम, बोड़ा, फुटु, डोंगरी भाजी बेचते हुए नजर आती हैं। इनके पास कोई दुकान नहीं, न छांव की सुविधा। ये महिलाएं धूप, बारिश और थकान की परवाह किये बिना मेहनत और आत्मसम्मान के साथ जीवनयापन का प्रयास कर रही हैं।

ये महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रही हैं, बल्कि जैविक और प्राकृतिक उत्पादों को शहर तक पहुंचाकर एक स्वस्थ समाज की नीव रख रही हैं। इनकी मेहनत में आत्मनिर्भर भारत की परछायी साफ नजर आती है, लेकिन इनका यह संघर्ष शासन प्रशासन के लिए एक सवाल बनकर खड़ा होता है। क्या इन महिलाओं के लिए कोई स्थाई सुविधा नहीं होनी चाहिए। इन महिलाओं के लिए यदि सड़क किनारे एक सुरक्षित हाट बाजार, छायादार जगह, पेयजल व्यवस्था व छोटे स्टाल की सुविधा दी जाय तो ये महिलाएं आत्मनिर्भर के साथ अपने परिवार का व बच्चों का भविष्य भी संवार सकती हैं। आज जब सरकार महिलाओं को स्शकतिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की बात कर रही है, तब ऐसे वास्तविक संघर्षशील चेहरों की ओर ध्यान देना नितांत आवश्यक हो जाता है। यह केवल एक तस्वीर नहीं है बल्कि विकास के उस ओर की एक झलक है जहां उम्मीदें आज भी जिंदा है। बस जरूरत है एक संवेदनशील दृष्टिकोण की।

## कच्ची महुआ शराब बेचते महिला पकड़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

अवैध कच्ची महुआ शराब के विरुद्ध मगरलोड पुलिस ने कार्रवाई की है। महिला के कब्जे से 35 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त हुई। मगरलोड पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जामली निवासी एक महिला द्वारा अवैध रूप से कच्ची शराब संग्रह कर बिक्री हेतु रखी गई है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मगरलोड पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर दबिश दी। जांच में आरोपिया जागृति मसीह पति अरुण कुमार उम्र 35 वर्ष निवासी जामली थाना मगरलोड के घर की बाड़ी में बिना किसी वैध दस्तावेज के रखी गई 35 लीटर कच्ची महुआ शराब अनुमानित कीमत 5,250 रूपये बरामद की गई।



आरोपिया के विरुद्ध थाना मगरलोड में धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर आरोपिया को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस कार्रवाई में थाना मगरलोड प्रआर दीनू मारकंडे, आरक्षक प्रफुल्ल रात्रे, कुणाल साहू, महिला आरक्षक त्रिवेणी ध्रुव, सैनिक खोमन गायकवाड़, धरम निषाद का योगदान रहा।

## कामिनी बनी लेडीज क्लब की संरक्षिका



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लेडीज क्लब की वर्ष 2025 से 2026 तक के लिए नव गठित समिति का गठन किया गया है। अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा कश्यप, सचिव काजल सिंह ने अपनी विगत वर्षों की कार्य उपलब्धि को सभा के समक्ष रखा। क्लब की संचालिका उषा गुप्ता ने नई संरक्षिका श्रीमती कामिनी कौशिक का नाम घोषित किया। क्लब की अध्यक्ष काजल सिंह, प्रथम उपाध्यक्ष नीता रणसिंह, द्वितीय उपाध्यक्ष गायत्री साहू, सचिव साधना साहू, कोषाध्यक्ष रचना नायडू, सह कोषाध्यक्ष संगठन मंत्री सीमा हरदेल, प्रचार मंत्री वीणा नायडू, मंजु सेन सांस्कृतिक मंत्री देविका साहू, शारदा साहू, क्रीड़ा सचिव श्रीमती हरजीत कौर और सरला खंडेलवाल के नाम की घोषणा की गई।

### कोसमर्रा स्कूल में हुआ पौधारोपण

**कोर्रा(भखारा)।** शाउमावि कोसमर्रा में इको क्लब द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य चैतराम साहू, इको क्लब प्रभारी वासुदेव सोनबेर, सीमा सोनी, उत्तरा गंजीर समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मॉडल स्कूल के छात्रों को नैतिक शिक्षा का महत्व बताया

# युवाओं को नैतिक शिक्षा से चरित्रवान बनाएं : बीके भगवान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुणवान और चरित्रवान बच्चे देश और समाज के लिए रचनात्मक कार्य कर सकते हैं। प्राचीन संस्कृति आध्यात्मिकता की रही जिस कारण प्राचीन मानव भी वंदनीय और पूजनीय रहा। नैतिक शिक्षा से ही मानव के व्यवहार में निखार आता है। आज के बच्चे कल का भावी समाज है। अगर कल के भावी समाज को अच्छा देखना चाहते हो तो वर्तमान के युवाओं को नैतिक सद्गुणों की शिक्षा की आधार से चरित्रवान बनाएं तब समाज बेहतर बन सकता है। गुणवान व चरित्रवान बच्चे देश की सच्ची सम्पत्ति हैं। उक्त उद्गार माउंट आबू पहुंचे बीके भगवान ने कहे। वे मॉडल स्कूल में नैतिक शिक्षा का महत्व विषय पर बोल रहे थे।






बीके भगवान ने कहा कि हमारे मूल्य हमारी विरासत है। मूल्य की संस्कृति के कारण भारत की पूरे विश्व में पहचान है। इसलिए नैतिक मूल्य, मानवीय मूल्यों की पुर्नस्थापना के लिए सभी को सामूहिक रूप में प्रयास करना चाहिए। सकारात्मक चिन्तन का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि सकारात्मक चिन्तन से समाज में मूल्यों की खुशबू फैलती है। सकारात्मक चिन्तन से जीवन की हर समस्याओं का समाधान होताहै।

बीके आरती स्थानीय ब्रम्हाकुमारी राजयोग शिक्षिका ने कहा कि नैतिक शिक्षा से ही छात्र-छात्राओं में सशक्तिकरण आ सकता है। नैतिकता के बिना जीवन अंधकार में हैं। नैतिक मूल्यों की कमी के कारण अज्ञानता, सामाजिक, कुरीतियां व्यसन, नशा, व्यभिचार आदि के कारण समाज पतन की ओर जाता है।

समाजसेविका कामिनी कौशिक ने बीके भगवान का परिचय देते हुए कहा कि उन्होंने 10000 से अधिक स्कूलो में और 800 अधिक जेलों (कारागृह ) में नैतिक शिक्षा का पाठ पढ़ाया है जिस कारण उनका नाम इण्डिया बुक ऑफ़ रिकार्ड में दर्ज हुआ है। श्रीमती कौशिक ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब तक जीवन में आध्यात्मिकता नहीं है तब तक जीवन में नैतिकता नहीं आती है। बीके भगवान ने मन की एकाग्रता बढ़ाने हेतु राजयोग मेडिटेशन भी कराया। मंच संचालन शिक्षक मनोज पवार तथा आभार व्यक्त छात्रा रौनक जसूजा ने किया। अर्पण पटेल ने भी अपने विचार रखे। मौके पर बीके गरिमा और शिक्षक स्टाफ उपस्थित था।

## विद्यार्थियों ने लिया पौधारोपण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

आदर्श विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी में गुरु पूर्णिमा मनाई गई। इस दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पीपल का पौधा रोपा गया। सभी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि अपने-अपने गांव के चौक चौराहों और तालाब के किनारे पौधे लगायेंगे। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती एम खान ने कहा कि यह पौधा हमारे भविष्य को सुरक्षित करेगा। वायु का शुद्ध होना सभी के जीवन के लिए लाभकारी है। आगे कहा कि माता-पिता, गुरु से ही ज्ञान मिलता है। मौके पर राजेश पटेल, मोईन जाफर, जीवन नाहटा, छाया साहू, आरती नायक, ऐश्वर्या साहू, हेमलता साहू, काजल देवांगन, पूर्णिमा, प्रीति विश्वकर्मा, तनवीर फातमा, लीना साहू, खेमेश्वरी साहू, आरती चंदेल, गरिमा साहू, कीर्ति कश्यप, पूर्णिमा निर्मलकर उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**



## रेलवे ओवरब्रिज के पास गड्ढे में भरा पानी

**बगदेही।** कुरुद से कन्हारपुरी मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के पास गड्ढे होने के कारण बरसात के दिनों में पानी भर जाने के कारण आने जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र से मजदूर, छात्र छात्राओं को गुजरना पड़ता है जिससे उन्हें काफी परेशानी होती है। क्षेत्र को लोगों ने इस व्यस्तम मार्ग की मरम्मत की मांग की है।

## पेंशनर 27 माह के पेंशन एरियर्स से वंचित

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ सरकार को सत्ता में आये डेढ़ वर्ष पूरे हो चुके हैं। सत्ता में आने के पूर्व पूर्ववर्ती सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति, नियम थे। यहां तक देश में बढ़ रही बेलगाम महंगाई की छतिपूर्ति के रूप में केन्द्रीय कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 2 बार जनवरी एवं जुलाई में दी जा रही महंगाई भत्ता, महंगाई राहत भी नहीं मिल रही है। उक्त बातें यशवंत देवान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही है। आगे कहा कि सबसे दुखद स्थिति छत्तीसगढ़ में पेंशनरों की है। हर वर्ग के 5वें, 6वें एवं 7 वें वेतनमान में बढ़ोत्तरी हुई। एरियर्स की राशि, उसके जीपीएफ खातों में जमा हुई, परन्तु 1996 के पूर्व के रिटायर्स हजारों पेशनरों को आज तक 5 वां वेतनमान ही नहीं मिला, 6वें वेतनमान में देरी से आदेश के कारण 32 माह के एवं 7 वें वेतनमान में 27 माह के पेंशन एरियर्स से पेंशनर वंचित हैं।



भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# जनसंख्या नियंत्रण पर कानून बनाने प्रधानमंत्री मोदी के नाम लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी शाखा धमतरी ने जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मोरध्वज साहू, जिलाध्यक्ष योगेश्वर साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, सोहन साहू, सुनीता साहू, रोशन साहू, प्रीतराम साहू, विनोद साहू ने अपर कलेक्टर रीता यादव के समक्ष प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि एक देश तभी विकसित रह सकता है जब उस देश की जनसंख्या नियंत्रित हो। जनसंख्या वृद्धि मानव जीवन के लिए आवास, भोजन, रोजगार, पर्यावरण को सीधे तौर पर नुकसान पहुंचाती है। जनसंख्या वृद्धि से स्कूलों में सीटों की कमी, अस्पतालों में बेड की अनुपलब्धता व रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। गरीबी में वृद्धि हो रही है। जनसंख्या घनत्व के कारण वनों की कटाई, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर समस्या चुनौती बनी हुई है। हर रोज 90 हजार नवजात पैदा होते हैं।

संगठन एवं चेतना पार्टी ने संयुक्त राष्ट्र विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट के बारे में कहा है कि 2050 तक भारत की जनसंख्या 170 करोड़ पहुंच जाएगी। वर्तमान में भारत 146 करोड़ की आबादी वाला विश्व का सबसे बड़ी जनसंख्या वाला देश है। प्रतिदिन 90 हजार बच्चे जन्म लेते हैं। प्रतिवर्ष 3 करोड़ बेतहाशा जनसंख्या से अनेक समस्याएं विकराल रूप लेती जाएंगी। भगवती कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने कहा है कि जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भारत सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। अतिशीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग प्रधानमंत्री से की है।



### मगरलोड के मुख्य मार्ग की शराब भट्टी हटेगी

भगवती मानव कल्याण संघ एवं भारती शक्ति चेतना पार्टी के अध्यक्ष सहित सदस्यों ने अपर कलेक्टर रीता यादव से मुलाकर कर शिकायत की है कि मगरलोड के मुख्य मार्ग में दो जगह शराब दुकान संचालित हैं जिसे हटाने तहसीलदार तथा कलेक्टर को लिखित आवेदन दिया गया था। अभी तक उस मदिरालय को हटाया नहीं गया है। इससे महिला, पुरूष एवं स्कूली बच्चे परेशान हैं। शराब दुकान के स्थानांतरण को लेकर अपर कलेक्टर ने नवपदस्थ आबकारी अधिकारी को बुलाकर जानकारी ली। आबकारी अधिकारी ने बताया कि मुख्य मार्ग वाली शराब दुकान को हटाने जगह का चयन कर लिया गया है। उसे भैंसमुंडी में ले जाया जाएगा।

## मराठा मिलिट्री लैंड स्केप संपूर्ण भारत के लिए गौरव का प्रतीक : कविता

- यूनेस्को की टीम ने विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने किया नामांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन का 47 वां सत्र इस समय पेरिस में चल रहा है। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। मराठा समाज की प्रदेश अध्यक्ष जिपं सदस्य कविता बाबर ने कहा कि इस सत्र में भारत की मराठा मिलिट्री लैंड स्केप को विश्व धरोहर की सूची में शामिल करने नामांकित किया गया है। इसमें मराठा साम्राज्य छत्रपति शिवाजी महाराज के शासन काल 17- 19 वीं शताब्दी के मध्य निर्मित बारह किलों रायगढ़, प्रतापगढ़, पनहाला, जिंजी आदि को शामिल किया गया है। यह मराठा साम्राज्य की सैन्य शक्ति, रणनीति व निर्माण कला के लिए जाना जाता है। यह महाराष्ट्र और तमिलनाडु में स्थित है। इन 12 किलों के साथ क़िले के क्षेत्रों को भी शामिल किया गया है। इसी तारतम्य में यूनेस्को की टीम ने विगत दिनों इन स्थलों का भ्रमण व निरीक्षण करने के पश्चात इनको नामांकित किया है।



वर्तमान में इस पर चर्चा चल रही है। वैसे तो पूरे विश्व की 32 ऐतिहासिक जगहों को शामिल किया गया है। मराठा सैन्य साम्राज्य छत्रपति शिवाजी महाराज की युद्ध कुशलता व सैन्य क्षमता को पूर्व समय से ही जाना माना जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने सीमित संख्या में भी सैनिकों को लेकर अपने से बड़ी संख्या वाली विरोधियों के बीच में रणनीतिक कुशलता के बल पर विजय प्राप्त की थी और हिंदवी स्वराज की स्थापना की दिशा में कदम बढ़ाया था।

### खरेंगा सोसाइटी में हुआ पौधारोपण

**धमतरी।** एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम के तहत खरेंगा सोसाइटी में पौधे रोपे गए। मौके पर सोसाइटी अध्यक्ष शेखन साहू, पूर्व डायरेक्टर विपणन संघ दयाराम साहू, पूर्व अध्यक्ष मोहन साहू, व्यवस्थापक भेदु साहू, लिपिक प्रेमलाल साहू, लिपिक पुष्कर सेन, कमलनारायण, जितेन्द्र साहू समेत पंचगण उपस्थित थे।

# अधारी नवागांव में महापौर ने सुनी जनता की समस्याएं

- वार्डवासियों की मांगों को एक-एक करके पूरा करेंगे : रामू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम महापौर रामू रोहरा का अधारी नवागांव वार्ड में जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उमंग चौक पर आयोजित जनचौपाल में वार्डवासी उपस्थित हुए और अपनी समस्याएं सीधे महापौर के समक्ष रखीं। इस संवाद कार्यक्रम में हर गली-मोहल्ले से आए नागरिकों ने अपने सुझाव और कठिनाइयां खुलकर साझा कीं।

वार्ड की प्रमुख मांगों में उमंग चौक का पुनर्निर्माण प्रमुख रहा जिसमें चौक को ऊंचा करना, पेवर ब्लॉक बिछाना, स्टील रेलिंग एवं स्थायी शेड का निर्माण शामिल है, जिससे यह स्थान सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए सुरक्षित एवं उपयोगी बन सके। महापौर श्री रोहरा ने इन सभी मांगों पर सहमति जताते हुए कहा कि आपकी समस्याएं हमारी प्राथमिकता हैं। थोड़ा समय जरूर लगेगा, लेकिन जो-जो मांगें आपके पार्षद ने लिखित में दी हैं, उन्हें हम एक-एक करके पूरा करेंगे। इसके अलावा गंगा तालाब के सौंदर्यीकरण व संचालन की जिम्मेदारी स्थानीय नागरिक समिति को सौंपने की भी सहमति बनी।

श्री रोहरा ने हरीराम साहू के निवास क्षेत्र और शीतला मंदिर के पास की जर्जर नालियों का निरीक्षण कर नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब निस्तार योजना को सलीके से लागू किया जाएगा। बगैर बहाव वाली और आधे-अधूरे कार्य अब नहीं होंगे। हर निर्माण कार्य में गुणवत्ता पहली शर्त होगी।

वार्डवासियों ने शीतलपारा स्कूल के मैदान की बाउंड्रीवॉल और अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग रखी, जिस पर महापौर ने शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस संवाद कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती तल्लीपुरी गोस्वामी की पहल सराहनीय रही। मौके पर कोमल सभाकर, मंगलु राम साहू, चिंटू बघेल, मनीष साहू, अविनाश साहू, लोमश, लुमेश, निलेश साहू, रमन साहू, करण, भूपेंद्र, अंकित, रामचरण साहू, किरण साहू, बुलट भाई समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।



# कराते बेल्ट परीक्षा में 125 खिलाड़ियों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के इंडोर स्टेडियम आमातलाब में धमतरी कराते डू एसोसिएशन के तत्वाधान में सेइको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ द्वारा कराते बेल्ट ग्रेडिंग एग्जाम आयोजित किया गया। सेइको काई कराते इंटरनेशनल छत्तीसगढ़ के मुख्य कराते प्रशिक्षक व परीक्षक छत्तीसगढ़ कराटे डू एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष रेन्शी बी. ब्रह्मया नायडू व सहायक परीक्षक के रूप में सेंसाई देवराज धनकर, सेंसाई जयंत नायडू द्वारा एग्जाम लिया गया।

धमतरी जिले से कुल 125 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बेल्ट परीक्षा में मुख्य एग्जामिनर द्वारा एग्जाम में खिलाड़ियों की स्टैमिना, स्ट्रेंथ, स्पीड, फ्लैक्सिबिलिटी तथा कराते के कौशल जैसे पंच,किक, स्टांस सहित काता, बूंकाई, इप्पोन कुमीते टेक्निक्स की बारीकी से निरीक्षण कर खिलाड़ियों की दक्षता व क्षमता का आकलन किया गया। जूनियर सीनियर कलर बेल्ट, येलो, ऑरेंज, ग्रीन, ब्ल्यू के लिए बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। परीक्षा में धमतरी कराते डू एसोसिएशन के अध्यक्ष सेंसेई अशोक सिन्हा, सचिव गोविंद सार्वा, सहसचिव हेमंत चक्रधारी, सदस्य विद्या कुर्रे, अंजलि फूटान, रिया फूटान, कुशमिता साहू , घनश्याम ध्रुव ने सहयोग प्रदान किया।

## नवपदस्थ उपसंचालक जनसंपर्क पाराशर ने किया पदभार ग्रहण



**धमतरी।** नवपदस्थ उप संचालक, जनसंपर्क शशिरत्न पाराशर ने सोमवार को जनसंपर्क कार्यालय धमतरी में अपनी नवीन पदस्थापना पर उप संचालक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत श्री पाराशर ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से भेंट की। उन्होंने जिले में जनसंपर्क व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहयोग का आग्रह किया। श्री मिश्रा ने श्री पाराशर का स्वागत करते हुए उन्हें जिले में संचालित शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर देने की बात कही, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके। उन्होंने विभागीय समन्वय और तकनीकी माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर भी बल दिया। उल्लेखनीय है कि श्री पाराशर पूर्व में जनसंपर्क कार्यालय रायपुर, नारायणपुर, महासमुंद एवं बेमेतरा में सेवाएं दे चुके हैं। वे बेमेतरा से स्थानांतरित होकर धमतरी आए हैं। जनसंपर्क क्षेत्र में उन्हें लंबा अनुभव प्राप्त है।

## एनएसयूआई के आंदोलन का भाजयुमो ने किया विरोध



**धमतरी।** बीते दिनों एनएसयूआई द्वारा राज्य सरकार के ख़िलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। पुलिस के साथ उनकी खूब झूमाझटकी हुई। इसी बीच अचानक से एनएसयूआई के कार्यकर्ता पुलिस थाने की तरफ दौड़ने लगे जहां स्थिति को नियंत्रित करने में पुलिस की हालत पस्त हो गई। इधर भाजयुमो के शहर अध्यक्ष सूरज शर्मा ने इस घटना को शर्मनाक बताया। जारी प्रेस नोट में श्री शर्मा ने कहा कि भारत के लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करना लोकतंत्र का एक अहम हिस्सा माना गया है पर बीते सोमवार को एनएसयूआई की कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस के साथ जो झूमाझटकी और थाने में घुसने का जो कुप्रयास किया गया वह उनके संस्कारों का परिचय देता है। भारतीय जनता युवा मोर्चा इसकी कड़ी निंदा करता है। उन्होंने थाने में घुसने वालों पर कार्रवाई मांग की है।

# राज्य स्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता में गोकुलपुर अखाड़ा के खिलाड़ियों का दबदबा

- पांच गोल्ड मेडल जीतकर जिले को किया गौरवान्वित, अब झारखंड में दिखाएंगे दांव पेंच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ अंडर 23 सीनियर बालक- बालिका राज्यस्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता महात्मा गांधी स्कूल दुर्ग में 13 जुलाई को हुई। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग, ललित चंद्राकर विधायक ग्रामीण दुर्ग, श्रीमती अलका बाघमार महापौर दुर्ग थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ कुश्ती संघ के अध्यक्ष जगन्नाथ यादव, महासचिव प्रशांत राय, भूपेन्द्र यादव, शिवसागर सिन्हा अध्यक्ष दुर्ग जिला कुश्ती संघ, लक्ष्मण साहू, अवधेश यादव, वरिष्ठ खेल शिक्षक ललित साहू एवं विभिन्न जिलों से आये उस्ताद उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 70 बालक बालिकाओं ने भाग लिया।



कुश्ती का चयन प्री स्टाइल, ग्रीको रोमन एवं महिला प्री स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये सभी खिलाड़ी रांची झारखंड में 22 से 24 अगस्त को आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। ये सभी खिलाड़ी जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी से है। बालिका में वेद कुमारी नेताम 53 किलो ग्राम गोल्ड मेडल, 55 किलो ग्राम मोनिका भोयर गोल्ड मेडल, 50 किलो ग्राम ओमिन साहू ब्राउंस मेडल, बालक कुणाल यादव 61 किलो ग्राम गोल्ड मेडल, गिरिजा शंकर साहू 70 किलो ग्राम गोल्ड मेडल, 92 किलो ग्राम मनीष यदु गोल्ड मेडल, येनेश साहू 63 किलो ग्राम सिल्वर मेडल, हर्ष चंद्रवंशी 65 किलो ग्राम ब्राउंस मेडल, निकिता सोनवानी का प्रदर्शन संतोषजनक रहा। कोच नुमेश यादव थे। पांच प्रथम स्थान गोल्ड मेडल खिलाड़ी छत्तीसगढ़ राज्य टीम के साथ 20 अगस्त को रांची झारखंड के लिए रवाना होंगे।

# कलेक्टोरेट में ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ



- डिजिटल प्रशासन की ओर सशक्त कदम, सुशासन को मिलेगा नया आयाम
- जिला अधिकारी ई-ऑफिस प्रणाली से कार्य करना शुरू करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्ट्रेट में ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपने कार्यालय से लैपटॉप का बटन दबाते इस ई-ऑफिस प्रणाली (डिजिटल प्रणाली) का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल प्रशासनिक दक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से शासकीय कार्यों में तेजी आएगी, जवाबदेही सुनिश्चित होगी और फाइलों के निराकरण में पारंपरिक अड़चनों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने इसे डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में जिला प्रशासन का ठोस योगदान बताया।

उन्होंने जिला अधिकारियों से अपेक्षा की कि ई-ऑफिस प्रणाली से फ़ाइल कार्य करना शुरू कर दें। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिन अधिकारियों को कोई जानकारी चाहिए तो तकनीकी कर्मचारी से अच्छे से समझ लें। मौके पर जिला सूचना अधिकारी (डीआईओ) अमित सिसौदिया और प्रोग्रामर अखिलेश आहुजा उपस्थित थे।

**• क्या है ई-ऑफिस प्रणाली**

ई-ऑफिस एक केंद्रीकृत डिजिटल मंच है, जो कागजरहित, सुगम एवं पारदर्शी कार्य प्रणाली को बढ़ावा देता है। यह प्रणाली शासकीय फाइलों, पत्राचार, दस्तावेज़ों और रिकॉर्ड प्रबंधन को एक डिजिटल रूप प्रदान करती है, जिससे कार्यप्रवाह सहज और सुगठित बनता है।

**• ई-ऑफिस की प्रमुख विशेषताएं**

कार्यों की रफ्तार में वृद्धि और समय की बचत, निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता और जवाबदेही, कागज रहित प्रणाली के जरिए पर्यावरण संरक्षण, सरकारी कर्मचारियों में कार्य संस्कृति और समन्वय का विकास, भ्रष्टाचार पर अंकुश और संसाधनों का बेहतर उपयोग।

जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं के जत्थे को दिखाई हरी झण्डी

# जिले के 131 श्रद्धालु अयोध्याधाम के लिए रवाना

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ शासन की महती श्री रामलला दर्शन योजना के तहत धमतरी जिले के 131 श्रद्धालु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। यह श्री रामलला दर्शन (अयोध्याधाम) में श्री रामलला के दर्शन करेंगे। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव और उप संचालक, समाज कल्याण विभाग श्रीमती मनीषा पाण्डे सहित जनप्रतिनिधियों ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामना देते हुए सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। राज्य शासन द्वारा राज्य के रामभक्तों के लिए निःशुल्क अयोध्याधाम में श्री राम के दर्शन हेतु श्री रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की गई है। ट्रेन के माध्यम से प्रत्येक जिलों से चयन कर उन्हें रामलला के दर्शन हेतु ले जाया जा रहा है। इस तरह की योजनाएं न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के प्रति लोगों की रूचि बढ़ाती है, बल्कि उन्हें उन स्थलों का अनुभव करने का मौका भी देती हैं, जिन्हें वे आर्थिक कारणों से नहीं देख पाते। नगरपालिक निगम से रवाना हुए श्रद्धालुओं के जत्थे को महापौर रामू रोहरा ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वहीं जनपद पंचायत धमतरी में जनपद अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव, नगरी से प्रकाश बैस, मगरलोड से जनपद अध्यक्ष विरेन्द्र साहू और उपाध्यक्ष खिलेश साहू तथा जनपद पंचायत कुरूद से जनपद अध्यक्ष कुरूद श्रीमती गीतेश्वरी साहू ने श्रद्धालुओं को अयोध्याधाम श्री रामलला दर्शन के लिए रवाना किया।


















